न्यूज 1 नजर में

विधायक व रोटरी क्लब ने अग्निकांड पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक मदद

सुंदरनगर। सुंदरनगर उलमंडल की निहरी, दुमुट बैहली, सेगल और मलोहच पंचायत में गत दिनों अग्निकांड में 4 परिवारों के आशियाने जलकर राख हो गए थे। इस घटना के बाद विधायक सुंदरनगर राकेश जम्वाल सहित रोटरी क्लब सुंदरनगर के सदस्यों ने प्रभावित परिवार की मदद के लिए अपने हाथ बढ़ाते हुए सहायता की। शुक्रवार को विश्राम गृह सुंदरनगर में अग्निकांड पीड़ित चारों परिवारों के लोगों को विधायक राकेश जम्वाल और रोटरी क्लब ने सहायता राशि, राशन किट के साथ गर्म कपड़े और कंबल भेंट किए। प्रभावितों में मलोह पंचायत के मनोज कुमार,छबी राम खरीड़ी, भुवनेश्वर कुमार सेगल और भाग सिंह नेहर निहरी को विधायक राकेश जम्वाल की ओर से प्रत्येक को 2-2 कंबल सहित 10-10 हजार की मदद राशि और रोटरी क्लब सुंदरनगर द्वारा कुल 22 कंबल और राशन किटों के साथ गर्म वस्त्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर रोटरी क्लब सुंदरनगर के प्रधान एमएल महाजन सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

अयोध्या गए राम भक्त वापस लौटे

मंडी। हिमाचल से राम भक्तों का एक जत्था अयोध्या में राम लला के दर्शन कर वापस हिमाचल लौट आया है। अपने दो दिन के प्रवास के दौरान राम भक्तों ने जहां विभिन्न सेवा कार्यों में हिस्सा लिया तो वही राम लला के साथ-साथ हनुमान गढ़ी, शबरी माता मंदिर, नागेश्वर, मंदिर सरयू माता मंदिर, सरयू नदी के पवित्र घाट के दर्शन कर सरयू नदी की सांध्य आरती, लेजर लाइट आरती में भी हिस्सा लिया। सात फरवरी को छोटी काशी से रवाना हुए इस जत्थे का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनुपम ने किया।

विकास कार्यों को बजट देने पर जताया सांसद प्रतिभा सिंह का आभार

मंडी। कांग्रेस के पूर्व पार्षद अनु शर्मा ने सांसद प्रतिभा सिंह के उस बयान का समर्थन किया है जिसमें उन्होंने सभी 17 हलकों का एक समान विकास करवाने की बात कही है। अनु शर्मा ने कहा कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने मंडी संसदीय क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है। उन्होंने विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए पर्याप्त बजट मुहैया करवाया है। प्रतिभा सिंह ने मंडी के विकास कार्यों के लिए अपनी सांसद निधि से 48 लाख रुपये दिए हैं। इसके अलावा निगम के वार्डों के रास्ते के निर्माण के लिए 3 लाख प्रदान किए हैं। वहीं उन्होंने शहरी विकास एवं लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह का द्रंग विस क्षेत्र को 107 करोड़ रुपये की सौगात देने पर उनका आभार जताया है। अनु शर्मा ने भाजपा के जिला महामंत्री संज कुमार पर पलटवार करते हुए कहा कि संजय कुमार ने शायद अपनी आंखों पर काला चश्मा लगा रखा है जिस कारण वह लोक निर्माण मंत्री के सफल दौरे को देख नहीं पा रहे हैं।

गौतम को सौंपी हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन खंड चौंतड़ा की कमान

लडभड़ोल। हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन खंड चौंतड़ा जिला मंडी के त्रिवार्षिक चुनाव 2023-26 प्रदेश अध्यक्ष हिमत राम शर्मा की अध्यक्षता में गोरा में संपन्न हुए। इसमें पर्यवेक्षक के रूप में जिला महासचिव मंडी दलीप ठाकुर उपस्थित रहे तथा विधिवत रूप से चुनाव संपन्न करवा कर उपस्थित समस्त सदस्यों ने एक स्वर से पूर्व कार्यकारिणी सदस्यों में सर्वश्रेष्ठ चुनाव हेतु अपनी सहमति दी। प्रधान पद के लिए गौतम राम वर्मा, महासचिव पद के लिए दुनी चंद सकलानी और कोषाध्यक्ष के रूप में मदन लाल शर्मा को चुना गया। शेष कार्यकारिणी का विस्तार करने के लिए खंड प्रधान तथा सचिव को अधिकृत किया गया। नवनिर्वाचित प्रधान गौतम राम वर्मा ने सरकार से पेंशन की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग प्रदेश सरकार से उठाई। इस मौके पर बीआर शर्मा, उमेद कटवाल, बंसी राम दुनी चंद, दौलत राम खेम सिंह, लाखू राम, लीला राम, दिनेश कुमार, महेंद्र सिंह, दुनी चंद, मेला राम, व्यासा देवी आदि उपस्थित रहे।

गलू स्कूल में प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने नवाजे मेधावी

जोगिंद्रनगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलू में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रधानाचार्य ने मुख्यअतिथि को टोपी, शॉल व मोमेंटो भेंट कर उनका सम्मान किया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। उन्होंने शैक्षणिक व विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को इनाम बांटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुभाष चंद भाटिया प्रधानाचार्य गलू, अधिशाषी अभियंता जेपी नायक, ओम प्रकाश बीडीसी उपाध्यक्ष, प्यार चंद पार्षद, सौरव ठाकुर युवा कांग्रेस अध्यक्ष, मोनिका मेहरा पूर्व जिला परिषद, जोगिंद्र पाल बीडीसी ढेलू, उपप्रधान गलू भूपेद सिंह, रीना देवी एसएमसी प्रधान, ज्ञान चंद प्रधान भरयाड़ा, मीना देवी पूर्व बीडीसी, मिंटू राम बीडीसी मटरू, प्रेम सिंह उपप्रधान बलह, इंद्र सिंह, गौरी सिंह, खेम सिंह, छतर सिंह, होशियार सिंह, मखोली राम, प्रकाश चंद, पद्म सिंह, रोशन चौधरी ,एसडीओ, लाल सिंह जेई, राजमल जेई व समस्त महिला मंडल एवं युवक मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

घ्राण स्कूल में होनहारों को बांटे इनाम

मंडी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घ्राण में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री कौल सिंह एवं उनके पौत्र डॉक्टर कुलकृति सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यअतिथि का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य रेणु शर्मा ने मुख्यअतिथि को शॉल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

भूतनाथ मंदिर के शिवलिंग पर माखन का लेप चढ़ना शुरू

एक माह तक भक्तों को कई रूपों में दर्शन देंगे भोलेनाथ, महाशिवरात्रि को होगा कार्यक्रम का समापन

धर्मचंद वर्मा ▮ मंडी

बाबा भूतनाथ मंदिर के शिवलिंग पर तारा रात्रि यानि वीरवार की रात्रि से ही माखन का लेप चढ़ना शुरू हो गया है। माखन का यह लेप विधिवत पूजा करने के बाद चढ़ाया गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों के साथ मंदिर के महंत ने अहम भूमिका अदा की। उन्होंने मंत्रोचारण के साथ शिवलिंग पर पहला लेप चढ़ाया। यह लेप शिवरात्रि तक जारी रहेगा। बताया जा रहा है कि भोलेनाथ के गुस्से को शादी से पहले शांत रखने के लिए ही हर बार लेप चढ़ाया जाता है।

शिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ की विधिवत तौर से शादी होगी। इस मौके पर भगवान भोलेनाथ आयोजक की भूमिका निभाएंगे। अलग अलग स्वरूपों में एक माह तक भोलेनाथ मक्खन के लेप में कई रूपों में दर्शन देंगे। वीरवार रात को लेप के माध्यम से पराशर ऋषि के रूप में दिखाया गया। मंदिर को भव्य तौर से सजाया गया है। मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। महंत देवानंद सरस्वती ने

बताया कि तारा रात्रि से बाबा भूतनाथ का माखन रूपी श्रृंगार शुरू हो गया था और शुक्रवार को बाबा भूतनाथ ऋषि पराशर के रूप में दर्शन दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऋषि पराशर शास्त्रवेत्ता, ब्रह्मज्ञानी और वैदिक सुक्तों के द्रष्टा और ग्रंथकार है। उन्होंने बताया कि ऋषि परासर का इतिहास प्रचीन ग्रंथों में भी मिलता है। उन्होंने बताया कि महाभारत काल में भी ऋषि पराशर का इतिहास देखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि राजाओं के समय से आ रही परंपरा का निर्वहन आज भी किया जा रहा है। यह आज से एक माह तक बाबा भूतनाथ सभी भक्तों को अलग-अलग स्वरूपों में दर्शन देंगे।

सदियों पुरानी है परंपरा

जब से इस मंदिर का निर्माण किया गया है तब से यह परंपरा शुरू की गई है। मक्खन का लेप लगाने के पीछे हालांकि कई रहस्य हैं। विद्वान अपने-अपने तर्क देते हैं लेकिन लोगों के लिए यह मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। शिवरात्रि में यहां पर हर देवी-देवता भगवान भोलेनाथ के दर्शन करते हैं।

216 देवी-देवता टेकते हैं माथा

शिवरात्रि के अवसर पर 216 देवी-देवता भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए भूतनाथ मंदिर में माथा टेकते हैं। अपने आराध्य देव को लेकर जहां देवी-देवताओं में भी होड़ लगी रहती है वहीं वे भगवान के प्रति अवनी आस्था भी नहीं भूलते हैं। जिसके चलते यह मंदिर परंपराओं का निर्वहन करने में ऐतिहासिक भूमिका अदा कर रहा है।

16 फरवरी से खुलेंगे अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला के टेंडर : एसडीएम

मंडी। अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला मंडी के आयोजन को लेकर आमंत्रित किए गए टेंडर 16 फरवरी से खुलेंगे। एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार ने बताया कि 16 फरवरी को ग्राउंड, 20 फरवरी तम्बोला, 21 को रेहड़ी-फड़ी, 22 को झूले का और 26 को सरकारी प्रदर्शनियों के टेंडर खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले का आयोजन 9 से 15 मार्च तक होगा। इसके आयोजन के लिए जरूरी प्रबंधों को पूरा किया जा रहा है। इस कड़ी में उपायुक्त की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की जा चुकी है। जिसमें अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मेले की पहली जलेब 9 मार्च को निकाली जाएगी। मध्य जलेब 12 को तथा तीसरी व अंतिम जलेब 15 मार्च को निकलेगी। इनमें आकर्षक झांकियां भी शामिल की जाएंगी। वहीं 9 से 14 मार्च तक 6 सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा। मेले के आयोजन के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे। जिन्हें 16 फरवरी से खोला जाएगा। प्रशासन टेंडर प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरतेगा।

रिवालसर में 18 से शुरू होगा 3 दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चु मेला

सुदर्शन शर्मा ▮ रिवालसर

▮ एसडीएम बल्ह विशाल शर्मा ने की अधिकारियों के साथ बैठक

रिवालसर में इस बार 3 दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चु मेले का शुभारंभ 18 फरवरी से किया जाएगा। यह मेला बुद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए पर्व की तरह आयोजित होता है। मेले के सफल आयोजन को लेकर नगर पंचायत रिवालसर के सभागार में एसडीएम बल्ह विशाल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

मेले के बेहतर आयोजन को लेकर एपीएमसी चेयरमैन संजीव गुलेरिया, नगर पंचायत रिवालसर के प्रतिनिधियों, रिवालसर के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, रिवालसर के साथ लगती ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, व्यापार मंडल रिवालसर, रिवालसर के निगमापा एडीके, संगदोपरी मॉनेस्ट्रियो के प्रतिनिधि, रिवालसर गुरुद्वारा साहिब के प्रतिनिधियों के अलावा रिवालसर की स्वयंसेवी संस्थाओं के अलावा कई गणमान्यों ने बैठक में भाग लिया। एसडीएम बल्ह ने बैठक में राज्य स्तरीय छेश्चु मेला जोकि इस वर्ष

18 से 20 फरवरी तक मनाया जा रहा है के बेहतर आयोजन को लेकर बैठक में विचार-विमर्श किया गया है। छेश्चु मेले के उद्घाटन समारोह के मुख्यअतिथि व समापन समारोह के मुख्यअतिथि को लेकर भी चर्चा की गई। छेश्चु मेला बौद्ध समुदाय से जड़ा हुआ धार्मिक पर्व है। बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालु पूरी श्रद्धा भाव से इस पर्व में भाग लेने के लिए हिमाचल के कबायली क्षेत्रों से महीनों पूर्व रिवालसर में आना शुरू कर देते हैं। छेश्चु पर्व बौद्ध समुदाय के महात्मा बुद्ध के बाद दूसरे बड़े अवतारी गुरु पदम्संभव के जन्मदिवस पर रिवालसर में वर्षों से मनाया जाता है। रिवालसर को गुरु पदम्संभव की जन्मस्थली व तपोस्थली माना जाता है। बौद्ध श्रद्धालु रिवालसर की प्राचीन बौद्ध मॉनेस्ट्री निगमापा में गुरु पदम्संभव के दर्शन करने का तांता लगा रहता है। मेले के अंतिम दिन झंडा समारोह के साथ छेश्चु मेला समाप्त होता है। मेले के बेहतर आयोजन को लेकर एसडीएम विशाल शर्मा ने बैठक में उपस्थित लोगों व रिवालसर के लोगों से सहयोग की अपील की है।

सामान्य वर्ग कल्याण समिति के चुनाव आज

रिवालसर। सामान्य वर्ग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष शक्ति चंद चौहान ने कहा कि सामान्य वर्ग जिला मंडी इकाई के त्रैवार्षिक चुनाव 10 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे निशांत होटल नेरचौक में आयोजित होंगे। उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्षों से आग्रह किया है कि 10 फरवरी को उपरोक्त समय अनुसार निशांत होटल में अवश्य पहुंचे ताकि सामान्य वर्ग कल्याण समिति मंडी इकाई का त्रैवार्षिक चुनाव सफल हो सके। इस दौरान कई अन्य मुद्दों पर भी मंथन किया जाएगा।

सलापड़-तत्तापानी सड़क के दोनों छोर मिलने से रामपुर और किन्नौर से जुड़ा सुंदरनगर

प्रदेश सरकार के महज 3 महीने के प्रयास से जुड़ी पुरानी सड़क

देवेंद्र गुप्ता ▮ सुंदरनगर

सुंदरनगर के सलापड़-तत्तापानी सड़क के दोनों सिरे कई वर्षों के कठिन निर्माण कार्य के बाद वीरवार शाम को 10 साल बाद आपस में मिलने से यह सड़क रामपुर, किन्नौर से सीधे जुड़ गई है। इस सड़क से सुंदरनगर के विस क्षेत्र के धन्यारा, हाड़ाबोई, सोझा, ततापानी के साथ अपर रामपुर, किन्नौर के लोगों का सपना साकार हो गया। इस सड़क का निर्माण सन् 2006 में शुरू किया गया था। जिसमें सबसे पहले क्यान से ऐहन के निर्माण के लिए सुंदरनगर के पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर ने सड़क निर्माण का शुभारंभ किया था। जिसका कार्य पहले स्टेट हेड के बजट द्वारा करवाया जा रहा था। इसके उपरांत 2014 में ऐहन से नेरी तक सड़क फिर से सोहन लाल ठाकुर ने शिलान्यास कर शुरू किया।

▮ पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर ने 2006 में किया था शिलान्यास

उसके उपरांत सोहन लाल ठाकुर के अथक प्रयासों से केंद्र सरकार से 61.600 किमी लंबे डबल सड़क मार्ग हेतु 219.43 करोड़ को 2017 में स्वीकृति मिली। इसके उपरांत सलापड़-तत्तापानी डबललेन का निर्माण कार्य शुरू हुआ। उसके उपरांत नेरी पुल का भी कार्य सोहन लाल ठाकुर के अथक प्रयासों द्वारा करवाया गया। कई वर्षों के लंबे समय में बेहद विकट परिस्थियों सहित दुर्गम क्षेत्र से होते हुए इस सड़क के दोनों सिरों को वीरवार शाम को आपस में मिलाया गया है। सड़क के दोनों सिरे मिलने से क्षेत्र के लोगों में सपने के सच होने पर खुशी व जश्न का मौहाल है।



पीडब्ल्यूडी मंत्री ने 3 महीने में दिए काम पूरा करने के आदेश

गौरतलब रहे कि 27 अक्तूबर 2023 को प्रदेश कांग्रेस सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह व सुंदरनगर के पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर ने सड़क मार्ग का स्वयं जायजा व मौका करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आगामी 3 महीनों में सड़क के दोनों सिरों को मिलाने के आदेश दिए गए थे। जिसके बाद से इसके निर्माण कार्य में विभाग ने तेजी लाते हुए 3 महीनों की समयअवधि में सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। हालांकि अभी सड़क को और ज्यादा चौड़ा करने के साथ इसकी ग्रेडिंग करनी बाकी रह गई है। सड़क मार्ग के दोनों सिरों के मिलने के उपरांत अब हर मौसम में ऊपरी हिमाचल के लोगों के लिए यह सड़क मार्ग महत्वपूर्ण साबित होगा। इसके साथ साथ एहन, कोलडैम, तत्तापानी में भी पर्यटन की दृष्टि से यह मार्ग नए पंख लगाएगा।

पूर्व सीपीएस ने मुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री को दी बधाई



सुंदरनगर के पूर्व विधायक व पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि 18 साल पहले कांग्रेस सरकार ने ही इस कई जिलों से जोड़ने वाली सड़क के निर्माण की शुरुआत की थी। आज उसी अथक प्रयास में इस सड़क के दोनों सिरे मिलते ही अब सुंदरनगर किन्नौर से सीधा जुड़ गया है।

पीएम विश्वकर्मा योजना में 8850 आवेदन अनुमोदित

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ मंडी

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में मंडी जिले में 8850 आवेदनों का अनुमोदन किया गया है। जिला स्तरीय कमिटी के अनुमोदन के उपरांत अब इन्हें स्वीकृति के लिए राज्य स्तरीय समिति को भेजा जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय कमिटी की बैठक के बाद दी।

बता दें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का भी इस ओर विशेष जोर है कि प्रदेश में पारंपरिक कारीगरी को संरक्षण और कारीगरों को प्रोत्साहन दिया जाए। जिससे कारीगरों का कौशल बड़े और उनके जीवन में आर्थिक मजबूती आए। इसके लिए प्रदेश और केंद्र की सभी योजनाओं का समुचित लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने लिए काम किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जिले के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल को संरक्षित करने में मदद करने के उद्देश्य से प्रमाणपत्र और आईडी कार्ड उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके योजना से जुड़कर कारीगर अपने व्यवसाय का विस्तार, उपकरणों में निवेश और अपनी कारीगरी को बढ़ा सकेंगे। बैठक में सहायक निदेशक, एमएसएमई चंबाघाट, अशोक कुमार तथा सहायक निदेशक, कौशल विकास उद्यमिता, शिमला मोहिंद्र लाल ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। वहीं, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के डोमेन विशेषज्ञ कपूर चंद, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, मंडी ओपी जरयाल, प्रबंधक संतोष जम्वाल तथा अग्रणी बैंक मंडी के प्रतिनिधि उपायुक्त कार्यालय के वीसी कक्ष में उपस्थित रहे।

▮ जिला स्तरीय कमिटी के अनुमोदन के बाद स्वीकृति के लिए राज्य स्तरीय समिति को भेजा जाएगा

▮ जिले के पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों के कौशल संवर्द्धन व प्रोत्साहन पर बल

योजना में शामिल हैं 18 व्यवसाय

योजना के तहत 18 पारंपरिक व्यवसायों को शामिल किया गया है। इनमें पत्थर तोड़ने और तराशने का काम, लोहार, सुनार, कुम्हार, मोची, राजमिस्त्री, धोबी, दर्जी नाई आदि व्यवसाय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना में कारीगरों को आईडी कार्ड के जरिये पहचान दिलाई जाएगी। साथ ही उन्हें 5 प्रतिशत के रियायती ब्याज दर के साथ एक लाख पहली किस्त और 2 लाख दूसरी किस्त तक के ऋण की सहायता दिए जाने का भी प्रावधान किया गया है।

लडभड़ोल कॉलेज में स्वयंसेवियों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

लडभड़ोल। लडभड़ोल कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन की गतिविधियों की शुरुआत कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजीव कुमार के संबोधन के साथ हुई। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम पिहड़ गांव की बावड़ी की सफाई की गई। शिविर के बौद्धिक सत्र के दौरान तुलाह निवासी राजेंद्र सिंह चौहान, पूर्व निदेशक शारीरिक शिक्षा एवं युवा कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला मुख्य स्रोत व्यक्ति के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का प्रथम उद्देश्य अपना व्यक्तिगत विकास सुनिश्चित करके सामाजिक विकास के लिए अपना योगदान देना है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में स्वयंसेवियों ने स्थानीय निवासी प्यारचंद से आत्मरक्षा के गुर सीखे।

इंडस के छात्रों ने साइंस ओलंपियाड में जीते 7 स्वर्ण पदक

हिमाचल दस्तक ▮ मंडी

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा ली गई विभिन्न विषयों पर परीक्षाओं का परिणाम घोषित हो गया। जिसमें इंडस ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने 7 स्वर्ण हासिल करने में सफलता अर्जित की है। इस उपलब्धि पर स्कूल की ओर से छात्रों को सम्मानित भी किया गया। स्कूल के छात्रों ने प्रत्येक वर्ष की तरह अपना परचम लहराया है। इसमें दसवीं कक्षा के छात्र अर्शित राज शर्मा को राष्ट्रीय साइबर तथा सामान्य ज्ञान में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। वहीं दसवीं के छात्र प्रियांशु शर्मा ने सामान्य ज्ञान में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इसके अलावा नौवीं के दिव्यांश यादव ने भी राष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड में स्वर्ण पदक झटका है। सातवीं के छात्र आदिश मिन्हास को राष्ट्रीय साइबर ओलंपियाड में स्वर्ण पदक, पांचवीं के रेहान भारद्वाज को राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में स्वर्ण पदक, तीसरी के विहान मरवाह को सामान्य ज्ञान, राष्ट्रीय साइबर ओलंपियाड तथा राष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। तीसरी के माहिन को कंप्यूटर तथा अंग्रेजी ओलंपियाड में स्वर्ण पदक तथा इनाम स्वरूप 1500 रुपये की राशि प्राप्त हुई है। जबकि प्रधानाचार्या दीक्षा भारद्वाज को राष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा सराहनीय पत्र से नवाजा गया। स्कूल के अध्यापकों कौशल्या आईएसएसओ, मीना ठाकुर आईसीओ, कामिनी वैद्य एनसीओ, यशु आईएमओ, सुनील कुमार एनएसओ, रवि आईईओ को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

आइनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव–बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआईएनः L40106HP2020PLC010065 | टेलीफोनः +91 (1975) 272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइटः www.iwel.co.in

31 दिसम्बर 2023 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह हेतु अनअंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण (रुपये लाखों में)

क्र. स.	विवरण	समाप्त तिमाही	समाप्त नौ माह	समाप्त तिमाही
		31.12.2023	31.12.2023	31.12.2022
		अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	50,921	1,24,194	23,878
2.	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पूर्व)	2,952	(8,102)	(29,057)
3.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात्)	2,952	(8,102)	(29,057)
4.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(652)	(12,918)	(28,797)
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [कर पश्चात् अवधि हेतु लाभ/(हानि) तथा कर पश्चात् अन्य व्यापक आय शामिल]	(739)	(12,934)	(28,791)
6.	संचित पुर्न मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त			
7.	प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक)	1,205	1,205	1,099
8.	प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर वार्षिकृत)			
	(क) मूलभूत (रु. में)	(2.19)	(109.42)	(258.65)
	(ख) तरल (रु. में)	(2.19)	(109.42)	(258.65)

टिप्पणियाँः

1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा इसके पश्चात् 9 फरवरी, 2024 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए। कम्पनी के संवैधानिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही/नौ माह हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अनअंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.iwel.co.in) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारीः (रुपये लाखों में)

क्र. स.	विवरण	समाप्त तिमाही	समाप्त नौ माह	समाप्त तिमाही
		31.12.2023	31.12.2023	31.12.2022
		अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अनअंकेक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय	78,805	1,06,731	265
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	78,548	1,05,899	(202)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	75,237	1,01,641	(3)

निदेशक मंडल के आदेश से
आइनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड हेतु
हस्ता/–
कालोल चक्रवर्ती
पूर्ण–कालिक निदेशक

स्थानः नोएडा
तिथिः 9 फरवरी, 2024

HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT

Short term E-Procurement Notice
INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer HP PWD Division Nalagarh Distt. Solan HP on behalf of Governor of HP invites the online bids on percentage rate, in electronic/ nic tendering system,in 2 cover system for the under mentioned work from the eligible and approved contractors.firms registered with HPPWD Department.

Job No	Name of Work	Estimated Cost (In Rs.)	Earnest Money(In Rs.)	Time Allowed	Cos,of Form	Eligibility of Contractor
1	C/O link road to Village Nasrali km 0/0 to 5/00 (SH:- Soling in km 1/00 to 3/00 and C/O 900mm dia hume pipe culvert in Km 2/00 to 3/00) Under SCCP	13,77,079/-	27,600/-	Six Month	500/-	C& D
2	C/O bridge for Village Kothewala GP Baircha (SH:- C/O road side drain km 0/0 to 0/300) Under MNP	2,55,138/-	5150/-	Three Month	350/-	C& D
3	C/O Ratwari Bodiwala Kawarn road in km 0/0 to 5/00 (SH:- Soling in Km 1/00 to 3/00 and C/O 900mm dia hume pipe culvert in km 1/00 to 2/00) Under SCCP	19,01,229/-	38,100/-	Six Month	500/-	C& D
4	C/O link road Theon to kafleda GP mehla Km 0/0 to 4/500 (SH:- C/O 4 Nos. 900mm dia HPC at RD 0/640, 0/780, 1/430 and 2/195) Under SCCP	9,81,645/-	19,700/-	Three Month	350/-	C& D
5	Repair of Restoration of link road to Village malehni Kankroghat papled kankroghat G.P Malehni link road Village Bansai to Theyo Johrighat to SC basti Kuiwal SC basti Choti Salehran GP Barrian link road Village Basima Johri Dara banyali, Tallan Halyaran G.P barrian, Link road to Village Basot G.P majra (SH:- Hiring of JCB on hour basis) Under D.C Deposit	5,44,850/-	10,900/-	Six Month	350/-	C& D
6	Repair of R/O RCC pipe bridge on Sirsa Khad at Village Khabra G.P Khera, Kundlu Khad at Village Kotla G.P baruna on link road to Village Kangalwal G.P Dgang Nihli (SH:- Hiring of JCB, Tipper on Hour basis and P/L 900mm dia HPC) Under D.C Deposit	4,23,725/-	8450/-	Six Month	350/-	C& D
7	Restoration of rain damages on link road to Village Kahe Ra- Ban G.P Dharmana & link road to Village Baddu G.P Ramshehar (SH:- Hiring of JCB on hour basis) Under D.C Deposit	2,69,458/-	5400/-	Three Month	350/-	C& D
8	C/O Mittian Mata mandir to harizan Basti Mittian km 0/0 to 7/00 (SH:- P/L 600mm dia HPC, paver Block in km 6/500 to 6/600).	4,36,616/-	8750/-	Three Month	350/-	C& D
9	C/O link road to Village Mittian Mata mandir to harizan basti Mittian km 0/0 to 6/00 (SH:- Soling and C/O 900 mm dia hume pipe culvert in km 1/00 to 3/00) Under SCCP	17,38,666/-	34,800/-	Six Month	500/-	C& D

Availability of Bid Document and mode of submission: The Bid document is available online and bid should be submitted in online mode on website https://hptenders.gov.in. Bidder would be requird to register in the web-site which is free of cost. For submission of bids, the bidder is required to have Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized certifying authorities (CA) "Aspiring bidders who have not obtained the user ID and password for participating in e-tendering in HPPWD may obtain the same from the website: https://hptenders.gov.in. Digital signature is mandatory to participate in the e-tendering. Bidders already possessing the digital signature issued from authorized CAs can use the same in this tender.

2 . Key dates.

1.	Date of Online Publication	12-02-2024 10:00 AM
2.	Document Download Start Date	12-02-2024 11:00 AM
3.	Bid Submission Start and End Date	12-02-2024 at 11:00 AM to 22-02-2024 at 10:00 AM
4.	Physical Submission of receipt of EMD and cost of tender Document and other document	22-02-2024 at 10:30 AM
5	Date of Opening of Bid	22-02-2024 at 11:00 AM

The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in.

Executive Engineer
Nalagarh Division HPPWD Nalagarh
(On behalf of Governor of Himachal Pradesh

Advt. No. 5739/2023-24